आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 26.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल रैली का आयोजन आज हल्द्वानी से शुरू हो रहा है।
- प्रदेश सरकार ने लंबे समय से अनुपस्थित 158 चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त की।

सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत कर इसके परिणामों में सुधार करना है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रव्यापी उत्सव वीर बाल दिवस में भाग लिया। देश के भावी निर्माता के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के साहस और बलिदान के सम्मान में मनाया जाता है। वीरबाल दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्र के प्रति साहस और समर्पण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देश में कई पहल की जा रही है। माइगोव और माय भारत पोर्टल के माध्यम से प्रश्नोत्तरी सहित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई है। इसके अलावा विद्यालयों, बाल देखभाल संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में कहानी सुनाना रचनात्मक लेखन और पोस्टर बनाना सहित कई गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया। 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए इन बच्चों को कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र पुस्तिका दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने वीर बल दिवस पर साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के छोटे बेटों के अद्वितीय बलिदान और साहस का सम्मान करने के लिए हर साल मनाया जाता है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उनका काम असाधारण और आश्चर्यजनक है। श्रीमती मुर्मू ने सभी नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करके इन उपलब्धियों को बड़े पैमाने पर साझा करने का भी आग्रह किया।

बहुउद्देशी समिति का गठन

उत्तराखंड में हर गांव में जल्द ही बहुउद्देशीय समितियां बनेंगी। अगले सौ दिनों के भीतर इन समितियों का निर्माण किया जाएगा। राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में 125 नई समितियों का उद्घाटन करते हुए कहा कि इन समितियों का उद्देश्य किसानों को खाद, बीज, दवाइयां, वित्तीय सेवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से देना है। इसके अलावा, पैक्स के माध्यम से 24 प्रकार की सेवाएं, जैसे रेल, बस, हवाई टिकट, बिजली बिल भुगतान, और जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रावत ने बताया कि राज्य में सहकारी समितियों के जरिए एक लाख नए सदस्य जुड़ चुके हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत समितियां लाभ में हैं।

ठौउड़ा नृत्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव–2024

देहरादून में दो दिवसीय ठौउड़ा नृत्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव–2024 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव कल से शुरू होगा। यह महोत्सव उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में लोक कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों और परिधानों के साथ अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस महोत्सव की शुरुआत एक भव्य सांस्कृतिक यात्रा से होगी, जिसमें 200 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। इसमें ठौउड़ा, जुड्डा, बिरूड़ी, हाथी नृत्य सहित कई पारंपरिक नृत्य प्रदर्शित होंगे। यह महोत्सव दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाने में मदद करेगा।

टेलीयूरोलॉजी सेवा

एम्स ऋषिकेश ने टेलीयूरोलॉजी सेवा की शुरुआत कर स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा दी है। इस सेवा के माध्यम से अब मरीज बिना अस्पताल आए, सिर्फ फोन के जरिए विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। इस सेवा से विशेष रूप से मूत्र रोग से ग्रस्त मरीजों को लाभ मिल रहा है, जिनमें से एक हजार छह सौ से अधिक मरीजों को मदद मिल चुकी है। यह सेवा स्टेंट प्रबंधन, सर्जरी की तारीख, सर्जरी के बाद की देखभाल, और अन्य यूरोलॉजिकल समस्याओं का समाधान देती है। मरीजों को सहायता के लिए एम्स ने एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

## देवभूमि उद्यमिता योजना

उत्तराखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने स्टूडेंट स्टार्टअप सीड फंड अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को उनके व्यापारिक विचारों को साकार करने में मदद करना है। चुने गए 20 युवाओं को 75–75 हजार रुपये का सीड फंड मिलेगा, जिससे वे अपने स्टार्टअप को शुरू कर सकेंगे। यह योजना उत्तराखंड में उद्यमिता को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बनाई गई है।

## मशाल रैली

38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल रैली का आयोजन आज से शुरू हो रहा है। यह रैली हल्द्वानी से शुरू होकर पैंतीस दिनों में तीन हजार आठ सौ तेईस किलोमीटर का सफर तय करेगी और राज्य के तेरह जिलों के निन्यानवे स्थानों पर जाएगी। इस रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना है। अल्मोड़ा और पौड़ी जिले में सबसे ज्यादा चौदह–चौदह मशाल केंद्र होंगे। मशाल रैली के समाप्त होते ही, 28 जनवरी को राष्ट्रीय खेलों का विधिवत उद्घाटन होगा।

## अनुपस्थित चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त

उत्तराखंड सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार ने ऐसे 158 चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं, जो लंबे समय से अनुपस्थित थे। इनमें से कुछ ने तो ज्वाइनिंग भी नहीं की थी। सरकार के इस कदम से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर मिल सकेंगी। सरकार ने घोषणा की है कि इन पदों को जल्द ही भरा जाएगा और नई भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी।

## ईपीएफओ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में इस वर्ष अक्टूबर के दौरान 13 लाख 41 हजार सदस्यों की वृद्धि हुई है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सदस्यों में वृद्धि का श्रेय रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ की प्रभावी आउटरीच पहल को दिया जा सकता है।

पेरोल डेटा से पता चलता है कि मौजूदा वित्त वर्ष के अक्तूबर महीने में लगभग सात लाख पचास हजार नए सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुए। मंत्रालय के अनुसार आकडों के अनुसार नये सम्मिलित सदस्यों में 18 से 25 आयु वर्ग के युवा सबसे अधिक हैं। इस अवधि के दौरान जुड़े कुल सदस्यों में इनका योगदान 58 प्रतिशत से अधिक है।

पेरोल डेटा से यह जानकारी भी मिलती है कि लगभग 12 लाख 90 हजार सदस्य इससे बाहर निकले और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। यह आंकड़ा अक्टूबर 2023 की तुलना में वार्षिक आधार पर 16 दशमलव दो–तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में लगभग 2 लाख नौ हजार महिलाओं को नए सदस्यों के रूप में जोड़ा गया।

गढ़वाल सांसद

गढ़वाल सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी ने चमोली जिले के वाइब्रेंट विलेज और औली का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए। इससे पूर्व श्री बलूनी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस के अधिकारियों के साथ औली का निरीक्षण किया और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े स्थानीय लोगों से चर्चा कर उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि औली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

गणेश जोशी

प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आर्मी हॉस्पिटल दिल्ली और मिलिट्री हॉस्पिटल, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में देहरादून में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी सप्ताह कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सैन्य अधिकारियों से मुलाकात कर उनसे प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में भी इस तरह के शिविर लगाए जाने का सुझाव दिया। गौरतलब है कि 24 से 27 दिसम्बर तक सैन्य अस्पताल में चलने वाले इस शिविर में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए अपनी तरह का पहला निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और ऑपरेशन भी किया जाएगा। आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल, नई दिल्ली की एक प्रतिष्ठित टीम के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा और शल्य चिकित्सा प्रबंधन प्रदान करना है। शिविर के दौरान मोतियाबिंद की जांच और उसके बाद योग्य मामलों के लिए शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएँ की जांएगी।